**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 15.05.2026 समय : 1905

<><><><><><><>

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी छ दिवसीय विदेश दौरे के पहले चरण में संयुक्त अरब अमीरात पहुंचे। अबु धाबी में राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायेद ने श्री मोदी का भव्य स्वागत किया।

2. आकाशवाणी के नब्बे गौरवशाली वर्षों पर राजधानी श्री विजयपुरम केन्द्र द्वारा भारतीय मानव विज्ञान सर्वेक्षण सभागार में पारंपरिक और सांस्कृतिक विरासत से सराबोर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

3. नीट यूजी 2026 की पुनर्परीक्षा इक्कीस जून को आयोजित की जाएगी। एन टी ए ने अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की।

4. पर्यावरण संरक्षण और सतत पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भारतीय प्राणी सर्वेक्षण विभाग द्वारा आयोजित ग्रीन स्किल डेवलपमेंट कार्यक्रम का समापन हुआ।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी संयुक्त अरब अमीरात– यू ए ई और यूरोप के छह दिन के दौरे के पहले चरण में आज अबू धाबी पहुंचे। हवाई अड्डे पर यू ए ई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान ने उनका स्वागत किया। प्रधानमंत्री के स्वागत में औपचारिक स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। यू ए ई के एफ–16 लड़ाकू विमानों ने उनके विमान को अमीरात हवाई क्षेत्र में प्रवेश कराते हुए सुरक्षा प्रदान की। प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद से मुलाकात की। बैठक में ऊर्जा सहयोग और द्विपक्षीय व्यापार प्रमुख मुद्दे रहे। ये वार्ता पश्चिम एशिया संघर्ष से जुड़ी वैश्विक आपूर्ति बाधाओं के बीच हुई। प्रधानमंत्री मोदी ने यू ए ई पर हाल ही में हुए हमलों की कड़ी निंदा करते हुए उन्हें पूरी तरह अस्वीकार्य बताया। राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद को भाई कह कर संबोधित करते हुए, प्रधानमंत्री ने चुनौतीपूर्ण समय में यू ए ई नेतृत्व द्वारा दिखाए गए लचीलेपन की प्रशंसा की। श्री मोदी ने अमीरात के लिए भारत के समर्थन की पुष्टि की और कहा कि वैश्विक संघर्ष के वर्तमान दौर में संवाद और कूटनीति ही आगे बढ़ने का एकमात्र रास्ता है।

<><><><><><><>

प्रसार भारती के लोक सेवा प्रसारक आकाशवाणी के 90 गौरवशाली वर्षों के उपलक्ष्य में आज "निकोबारी लोक संगीत संध्या" का आयोजन किया जा रहा है। संस्कृति, परंपरा और संगीत को समर्पित यह विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम शाम 6 बजे से भारतीय मानव विज्ञान सर्वेक्षण सभागार में आयोजित हो रहा है। कार्यक्रम में निकोबारी लोक संस्कृति और पारंपरिक संगीत की झलक प्रस्तुत की जा रही है। आयोजन में कला एवं संस्कृति निदेशालय की निदेशक प्रियंका कुमारी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हैं, जबकि टैगोर कॉलेज की प्राधानाचार्या डॉ. मंजूलता राव विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित हैं। आकाशवाणी श्री विजयपुरम द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में आम नागरिकों, संगीत प्रेमियों और सांस्कृतिक जगत से जुड़े लोग भाग ले रहें है। आकाशवाणी के अनुसार यह कार्यक्रम निकोबारी लोक परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का एक महत्वपूर्ण प्रयास होगी। इस अवसर पर आकाशवाणी श्री विजयपुरम के उप महानिदेशक सी सुब्बाराव सहित केन्द्र के सभी अधिकारी उपस्थित है। कार्यक्रम के दौरान आकाशवाणी संवाददाता ने लाइव कार्यक्रम में चल रहे निकोबारी लोक गीत की एक झलक साझा की है।

<><><><><><>

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी – एन टी ए ने नीट यूजी 2026 की पुनर्परीक्षा 21 जून को आयोजित करने की घोषणा की है। सोशल मीडिया पोस्ट में एजेंसी ने उम्मीदवारों और अभिभावकों से केवल एन टी ए के आधिकारिक चैनलों पर ही भरोसा करने का अनुरोध किया है। इससे पहले, इस महीने की 3 तारीख को आयोजित होने वाली परीक्षा कथित पेपर लीक के कारण रद्द कर दी गई थी और सी बी आई इस मामले की जांच कर रही है। आगामी राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा – नीट परीक्षा की तैयारियों की समीक्षा के लिए कल रात केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के आवास पर एक उच्च स्तरीय बैठक हुई। बैठक के दौरान, नीट परीक्षा को सुचारू और प्रभावी ढंग से आयोजित करने के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में उच्च शिक्षा सचिव, विद्यालय शिक्षा सचिव, राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी – एन टी ए के महानिदेशक, सी बी एस ई के अध्यक्ष और केंद्रीय विद्यालय संगठन और नवोदय विद्यालय समिति के आयुक्तों सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

<><><><><><>

भारतीय प्राणी सर्वेक्षण विभाग द्वारा आज ग्रीन स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम के अंतर्गत आयोजित प्रमाणपत्र पाठ्यक्रमों का समापन समारोह संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम भारत सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय तथा भारीय प्राणी सर्वेक्षण विभाग श्री विजयपुरम केन्द्र द्वारा आयोजित किया गया। इस अवसर मुख्य अतिथि संजय कुमार सिन्हा ने प्रतिभागियों को जूनियर पैरा–टैक्सोनॉमिस्ट तथा नेचर

कंजरवेटर कम–इको–टूरिज्म गाइड पाठ्यक्रमों के प्रमाणपत्र प्रदान किए। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को पर्यावरण संरक्षण, जैव विविधता प्रबंधन और सतत पर्यटन से जोड़ना था। समारोह में वक्ताओं ने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण से स्थानीय युवाओं को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे और द्वीपों की अद्वितीय जैव विविधता को संरक्षित करने में मदद मिलेगी। इको–टूरिज्म गाइड के रूप में प्रशिक्षित प्रतिभागी पर्यटकों को प्रकृति के महत्व से अवगत कराएंगे।

<><><><><><><>

अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस 2026 के अवसर पर भारतीय मानव विज्ञान सर्वेक्षण द्वारा 18 मई को राजधानी श्री विजयपुरम में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर संग्रहालय आम जनता के लिए खुला रहेगा। इस वर्ष की वैश्विक थीम ''म्यूज़ियम यूनाइटिंग ए डिवाइडिड वर्ल्ड'' रखी गई है, जो संग्रहालयों की संवाद, समावेशिता, सांस्कृतिक सद्भाव और विभिन्न समुदायों के बीच आपसी समझ बढ़ाने में भूमिका के महत्व को बताती है। अंडमान निकोबार द्वीप समूह जोनल संग्राहलय जनजातियों की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, परंपराओं, जीवन शैली और प्रकृति के साथ उनके सामंजस्यपूर्ण संबंधों को प्रदर्शित करने वाला एक महत्वपूर्ण संस्थान है। संग्रहालय पर्यटकों, शोधकर्ताओं, विद्यार्थियों और स्थानीय लोगों को द्वीपों की जनजातीय संस्कृति को निकट से समझने का अवसर प्रदान करता है। कार्यक्रम के तहत सुबह साढ़े ग्यारह बजे से विशेष गाइडेड टूर आयोजित किए जाएंगे, जिनमें संग्रहालय के अधिकारी और विशेषज्ञ विभिन्न प्रदर्शनों की जानकारी देते हुए द्वीपों की जनजातीय संस्कृति और मानव विज्ञान संबंधी महत्व पर प्रकाश डालेंगे।

<><><><><><><>